Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector – 21, Noida
Phone : 0120-2534064, 2538533 / E-mail : bbpsnd@balbharati.org
Website : http://bbpsnoida.balbharati.org

सत्र 2018-19 दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिंदी में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों तथा उनके शिक्षकों का अभिनंदन

निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय का सूल।।

हिंदी विकास मंच के तत्वावधान में 15 अक्टूबर 2019 को एयर फोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली में सी0बी0एस0ई0 बोर्ड की सत्र 2018-19 की दसवीं की परीक्षा में हिंदी विषय में शत- प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को **ज्ञान कुंज** पुरस्कार एवं उनके हिंदी अध्यापकों को **भाषा सारथी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में **मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनुराग त्रिपाठी जी सचिव- सी0बी0एस0ई0** ने पधारकर कार्यक्रम की शोभाश्री चार गुना कर दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के पूर्व महापौर और हिंदी के प्रबल हस्ताक्षर श्री महेश चंद शर्मा जी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विजय कुमार शर्मा जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन कपिल शर्मा जी व संचालन राष्ट्रीय कवि कलाम भारती जी, श्रीमती अलका जैन (रायन स्कूल, रोहिणी) ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अनुराग त्रिपाठी जी के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस सुअवसर पर **बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा के पाँच छात्रों – दिव्यांश वाधवा, अभिजीत पाण्डे, राजश्री, इशिका धीमान तथा यशी रोहिल्ला को भी पदक एवं प्रशस्ति-पत्र** प्रदान किए गए तथा **हिंदी शिक्षिका श्रीमती उमेश कुमारी को** उनके हिंदी भाषा के प्रति उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान हेतु **चल वैजयंती तथा प्रशस्ति-पत्र** देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार प्राप्त करने आए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से खचाखच भरे सभागार को संबोधित करते हुए श्री अनुराग त्रिपाठी जी ने हिंदी सीखने, हिंदी की गरिमा को उच्चतर सोपानों तक पहुँचाने एवं अन्य विभिन्न भाषाओं के सीखने पर ज़ोर दिया। छात्रों को लगातार विजय श्री हेतु प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करते हुए श्री अनुराग त्रिपाठी जी ने सबको अपने वक्तव्य कौशल से मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर दिल्ली हेरिटेज स्कूल, रोहिणी के विद्यार्थियों ने भाव-विभोर करने वाला बाल श्रम पर आधारित लघुनाटक **'मैंने देखा सपना'** का मंचन किया। पुरस्कृत छात्रों, अध्यापकों तथा अभिभावकों की प्रसन्नता का ठिकाना नहीं था। हिंदी में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या देखकर यह विश्वास दृढ़ हुआ कि निश्चित रूप से हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है।
अंत में हिंदी विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश वत्स जी ने अनुरोध किया कि हम सभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वी जयंती वर्ष पर हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के उनके सपने को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास करें। राष्ट्र-गान के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

ज्ञान कुंज पदक

ज्ञान कुंज प्रशस्ति पत्र

हर्षोल्लास के क्षण

हिंदी विकास मंच

(नीति आयोग भारत सरकार पंजीकरण संख्या डीएल/2018/0205196)

भाषा सारथी पुरस्कार

प्रशस्ति पत्र

क्रमांक संख्या: 2019/629

हिंदी विकास मंच नई दिल्ली, द्वारा उमेश कुमारी, बाल भारती पब्लिक स्कूल, सेक्टर-21, नोएडा, को अध्यापन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु "भाषा सारथी सम्मान" से अलंकृत किया जाता है। जिनके मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित अकादमिक सत्र 2018-19 की वार्षिक परीक्षा में हिंदी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

राजेश वत्स
राष्ट्रीय अध्यक्ष

दिनांक 15-10-2019
एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, दिल्ली कैंट-110010

कपिल शर्मा
संयोजक

भाषा सारथी प्रशस्ति पत्र

चल वैजयंती